छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
शैक्षणिक सत्र 2020–21 माह जनवरी
असाइनमेंट – 05
कक्षा – बारहवीं
विषय – हिन्दी

पूर्णांक–20

निर्देश :– दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिए।
Instruction :–Please attempt the question as per given instructions.

प्रश्न 1. "स्वच्छता–अभियान" अथवा "गाँव नहीं रहे गाँव" विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए।
अंक–03 शब्दसीमा 50–75

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये –
अंक–06 शब्दसीमा 150–200

आँगन में लिए चाँद के टुकड़े को खड़ी
हाथों पे झुलाती है उसे गोद–भरी
रह–रहके हवा में जो लोका देती है
गूँज उठती है खिलखिलाते बच्चे की हँसी

(क) इस काव्यांश के कवि तथा कविता का नाम लिखिए।
(ख) "चाँद के टुकड़े" का प्रयोग किसके लिए हुआ हैं और क्यों?
(ग) माँ द्वारा शिशु को खिलाने का चित्र अंकित कीजिए।
(घ) बच्चा माँ की गोद में कैसी प्रतिक्रिया करता है?
(ङ) यह अंश वात्सल्य का एक सुदर दृश्य प्रस्तुत करता है – सिद्ध कीजिए।

प्रश्न 3. दूर के ढोल सुहावने होते है, इस कथन का भाव–पल्लवन कर लिखिये।
अंक–04 शब्द सीमा 75–100

प्रश्न 4. "गुम होता बचपन" अथवा "जीवन है या तनाव" पर एक आलेख तैयार कर लिखे।
अंक–03 शब्द सीमा 50–75

प्रश्न 5. आदर्श–निबंध की कौन–कौन सी विशेषताएँ होती है? किन्ही आठ विशेषताओं को लिखिये।
अंक–04 शब्दसीमा 75–100